एक नजर में

## जनता सच्चा सेवक जनता की स्मृति में बना रहता है



इन्दौर. स्व. विधायक चन्द्रशेखर व्यास की 45वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्व. व्यास के सक्रिय साथी रहे, सहकारी क्षेत्र के गोपाल यादव (पहलवान) को शॉल, श्रीफल, भगवान श्रीकृष्ण का स्मृति चित्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया. गोपाल यादव ने अपने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए का कि जनता सच्चे जन सेवक को उसके अच्छे कार्यों को सदा याद रखती है. भाई चन्द्रशेखर व्यास की विधायक के रूप में जो जीत थी, वह यह प्रमाणित करती है कि झूठे षड़यंत्र कभी सफल नहीं होते हैं. कार्यक्रम संयोजक प्रकाश व्यास ने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि जनता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सेवकों का सम्मान कर ऐसी परम्परा कायम करे जिससे समाज प्रेरणा लें. इश्तियाक सोलंकी, सुरेश व्यास, महेश दुबे (छोटा पंडित), अनिल यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये. गोपाल यादव के मित्रों श्री कालीचरण गुप्ता, प्रकाश वाजपेयी, पाल पेन्टर, सठल्लू वाजपेयी सहित भारी संख्या में क्षेत्र की जनता उपस्थित थी. संचालन के.के. तिवारी ने किया. प्रसिद्ध रामायण मण्डल के उमाकान्त त्रिपाठी के नेतृत्व में श्री हनुमान आराधना मण्डल द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया. जितेन्द्र जैसवाल व कमल व्यास ने आभार माना,

## सीकेपी महिला मंडल की कुमकुमार्चन आराधना



इंदौर. चांद्रसेनीय कायस्थ प्रभु महिला (सीकेपी) मंडल की मेजबानी में श्रावण मास के उपलक्ष्य में खजराना स्थित गणेश मंदिर परिसर अन्न क्षेत्र के ऊपर प्रथम मंजिल पर देवी लक्ष्मी एवं देवी अन्नपूर्णा की कुमकुमार्चन विधि से 1008 मंत्रों से आराधना कर सैकड़ों महिलाओं ने परिवार, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति और सौभाग्य की मंगल कामना की. मंडल की अध्यक्ष छाया दिघे ने बताया कि पहली बार आयोजित इस अनुष्ठान में सचिव दीप्ति प्रधान, ज्योति खोपकर, सुचिता फड़नीस, सुरभि गडकरी, निधि गुप्ते, सुनीता फडनीस, संगीता दिघे, तन्वी गडकरी सहित सम्पूर्ण महिला कार्यकारिणी के सहयोग से मंडल की बहनों में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया. मान्यता है कि अभिषेक किया हुआ कुमकुम महिलाएं अपने मस्तक पर लगाती हैं तो मातारानी से शक्ति तत्व की प्राप्ति होती है. इस मान्यता के अनुसार 70 से अधिक सजी-धजी महिलाओं ने पूजा-अर्चना में भाग लिया. खजराना गणेश की भी पूजा-अर्चना की और करीब डेढ़ घंटे की इस पूजा विधि के बाद महिलाओं ने भक्तों के लिए सेवा कार्य में भी हाथ बंटाया.

## गोमाता की रक्षार्थ हनुमानजी को राखी अर्पण की



इंदौर. कामधेनु सेवा समिति ने रक्षाबंधन पर्व के पर देश में गौहत्या का कलंक मिटाने, गोवंश की रक्षा, गो संवर्धन की प्रार्थना के श्रद्धाभाव से फूटी कोठी परिसर स्थित हनुमानजी मंदिर में हनुमानजी को रक्षा सूत्र वैदिक राखी भगवान के श्री चरणों में अर्पित की. यह जानकारी देते हुए समिति के राजेंद्र असावा व बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि सर्वदेवमय गोमाता हमारी संस्कृति व सनातन धर्म की पहचान है. इसको अविलंब राष्ट्रीय प्राणी घोषित करने की मांग को लेकर हनुमानजी को रक्षासूत्र वैदिक राखी अर्पित की. इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेडतवाल समाज अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता एवं विशेष अतिथि समाजसेवी विष्णु मंडोवरा ने भी कहा कि देश में गो हत्या का कलंक खत्म हो इसके लिए सरकार को कड़ा कानून बनाया जाना चाहिए. इस अवसर पर श्याम पोरवाल, लक्ष्मीनारायण मेडतवाल, राजेन्द्र मुंजे, सुधीर अग्रवाल, नवनीत लाहोटी, जयकिशन डागा, गोपालदास राठी, घनश्याम पोरवाल, वासुदेव सोलंकी, हरीश थोरात, निशिकांत मंडलोई सहित बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित थे. मंदिर के पुजारी संदीप पाराशर ने श्री हनुमानजी की पूजा अर्चना करवाई.

## सौंदर्य उद्योग के भविष्य को आकार देने का प्रयास



इंदौर. नॉन-इनवेसिव, साइंस-समर्थित स्किनकेयर और वेलनेस ब्रांड 7ई वेलनेस ने प्रीमियम सैलून चेन लुक्स सैलून के साथ साझेदारी की है. इस सहयोग के माध्यम से, 7ई वेलनेस अपना यूएस एफडीए-प्रमाणित मायोलिफ्ट एमडी डिवाइस इंदौर, दिल्ली, मुंबई, और चंडीगढ़ के लुक्स सैलून में लॉन्च कर रहा है. मायोलिफ्ट एमडी एक व्यावसायिक-ग्रेड सूक्ष्मविद्युत (माइक्रोकरंट) उपकरण है जो झुर्रियों, बारीक रेखाओं, मुंहासों, रूखी त्वचा, सूजन और गर्दन के आकार को सुधारने में मदद करता है. यह उपकरण चेहरे की त्वचा को कसता है, रक्त परिसंचरण बढ़ाता है और लसीका प्रणाली को सक्रिय करता है. यह सभी त्वचा प्रकारों के लिए उपयुक्त है और दीर्घकालिक परिणाम देता है. ब्रांड कॉन्सेप्ट्स के सीईओ एवं निदेशक अभिनव कुमार ने कहा कि लक्ज़री और विज्ञान का संगम इस साझेदारी का मूल विचार है. यह साझेदारी केवल एक नई सेवा जोड़ने की बात नहीं है, बल्कि भारत के सौंदर्य उद्योग के भविष्य को आकार देने का एक प्रयास है, लुक्स सैलून के संस्थापक संजय दत्ता ने कहा लुक्स सैलून हमेशा से विलासिता और विशेषज्ञता का प्रतीक रहा है. अब हम 7ई वेलनेस की टू माइक्रो करंट तकनीक को जोड़कर अपनी सेवाओं में एक नई ऊँचाई ला रहे हैं, जिससे ग्राहकों को नज़र आने वाले परिणाम और एक नया मानक मिलेगा. 7ई वेलनेस के बिजनेस हेड राजेश यादव ने कहा, हम भारत में सैलून पेशेवरों को उन्नत सूक्ष्मविद्युत तकनीक के साथ सशक्त बना रहे हैं, जिससे वास्तविक और स्पष्ट परिणाम मिल सकें. लुक्स सैलून के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे हर स्थान पर एक समान, पेशेवर स्तर की सेवा सुनिश्चित की जा सके. ग्राहक अब ऐसे फेशियल अनुभव कर सकेंगे जो त्वचा की चमक बढ़ाने, उम्र की निशानियों को कम करने और त्वचा की सम्पूर्ण गुणवत्ता सुधारने में सक्षम हैं.

## टेरा मोटर्स ने एमपी में की एंट्री

इंदौर. जापान की इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता कंपनी टेरा मोटर्स ने मध्य प्रदेश में अपने पहले एल5 हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक ऑटो की डीलरशिप के साथ प्रवेश किया है. यह कदम कंपनी की रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह राज्य में बढ़ती ईवी स्वीकार्यता का लाभ उठाकर भारत के टॉप 5 थ्री-व्हीलर बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है. टेरा मोटर्स पिछले एक दशक से भारत के इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ई-रिक्शा क्षेत्र में सक्रिय है. कंपनी को मध्य प्रदेश में अच्छे व्यापारिक अवसर दिख रहे हैं, खासकर मजबूत डीलर इंटरेस्ट और प्रतिस्पर्धी प्रोडक्ट ऑफरिंग्स के कारण. टेरा मोटर्स पहले ही उत्तर प्रदेश में कई प्रमुख थ्री-व्हीलर डीलर्स के साथ साझेदारी कर चुकी है और मध्य प्रदेश में भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रही है. ऑन-रोड कीमत रुपये 3.74 लाख से शुरू होकर और एक बार चार्ज करने पर 200 किलोमीटर तक की रेंज के साथ, कंपनी का लक्ष्य है कि हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को चालकों और डीलरों दोनों के लिए सुलभ और लाभदायक बनाया जाए. टेरा मोटर्स के प्रवक्ता ने कहा मध्य प्रदेश हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है. यहां का बड़ा थ्री-व्हीलर बेस और बढ़ती ईवी स्वीकार्यता हमें काफी संभावनाएं देती है. हमारा डीलर-प्रथम दृष्टिकोण, जापानी ट्रस्ट और आसान फाइनेंसिंग के साथ, हमारे विस्तार की नींव है. हम मध्य प्रदेश भर में नए डीलर पार्टनर्स की तलाश में हैं, जो हमारे नेटवर्क से जुड़कर इस विकास यात्रा का हिस्सा बन सकें.

# इंदौर-भोपाल हेलीकॉप्टर सेवा के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मंगवाए : महापौर

▶ एआईसीटीएसएल बोर्ड ने बसों के संचालन हेतु लिए कई निर्णय



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज एआईसीटीएसएल की बोर्ड बैठक में बसों के संचालन से लेकर डिपो निर्माण करने तक कई अहम निर्णय लिए गए हैं. इसके तहत ग्रीन मोबिलिटी, इंटरसिटी बस संचालन, लास्ट माइल कनेक्टिविटी और हेलीकॉप्टर सेवा जैसे अनेक बिंदुओं पर विचार कर निर्णय लिए गए है.**

एआईसीटीएसएल की बोर्ड बैठक के विषय में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इस महीने 50 नई इलेक्ट्रिक बसें शहर में संचालित की जाएगी. वर्तमान में बीआरटीएस पर 30 तथा अन्य मार्गों पर 50 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है. इस महीने 50 नई सिटी बस ओर शुरू हो जाएगी. पीएम ई-बस सेवा के तहत पहले चरण में केंद्र सरकार द्वारा 150 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं. 150 नई ई-बसों के संचालन हेतु नायता मुंडला और देवास नाका पर दो इलेक्ट्रिक बस डिपो का निर्माण किया जा रहा है. इसकी संपूर्ण वित्तीय सहायता केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा प्रदान की जाएगी. ई-बस सेवा में 26 इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा. इंदौर से भोपाल, उज्जैन, खरगोन, सेंधवा, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, धार-मांडव, महेश्वर जैसे मार्गों पर बसें चलाई जाएंगी इसके लिए टेंडर हो चुके है। वहीं ई बसों हेतु चार्जिंग स्टेशन पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे. एआईसीटीएसएल द्वारा कई शहरों के लिए इंटरसिटी बस शुरू की जा रही है। उनमें इंदौर से कोटा, मंदसौर , नीमच, जीरापुर एवं सोयत कला के लिए एसी इंटरसिटी बसें जल्द शुरू होंगी. साथ ही अंतरराज्यीय बस संचालन के लिए टेंडर बुलाए जाएंगे. इसके तहत इंदौर से राजकोट, रायपुर, जयपुर, ग्वालियर, कानपुर, अहमदाबाद, उदयपुर, पुणे, मुंबई, अयोध्या, वाराणसी, दिल्ली, दमोह, बांसवाड़ा, भुसावल और शहडोल मार्ग पर बसों के संचालन हेतु टेंडर बुलाने का निर्णय लिया गया.

### स्वयं डबल डेकर बस खरीदेगा

वहीं एआईसीटीएसएल स्वयं डबल डेकर बस खरीदेगा. निगम ने डबल डेकर बस पहले टेंडर जारी किए थे ,लेकिन किसी ने भी भाग नहीं लिया. एबी रोड पर 42 यूनिपोल्स पर विज्ञापन के लिए टेंडर बुलाए गए हैं. भविष्य में बस डिपो पर यूनिपोल्स लगाने की योजना है. बैठक में एआईसीटीएसएल के उपाध्यक्ष संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, निगमायुक्त शिवम वर्मा, आईडीए सीईओ रामप्रकाश अहिरवार एवं एआईसीटीएसएल सीईओ दिव्यांक सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

### ई-बाइक सेवा की संभावनाएं

लास्ट माइल कनेक्टिविटी बेहतर बनाने हेतु शहर में ई-बाइक सेवा प्रारंभ करने पर विचार किया गया है. फिलहाल शहर में 1500 'माय बाइक' साइकिलें चलाई जा रही है.

### राखी पर महिलाओं को सिटी बस में मुफ्त यात्रा

महापौर ने रक्षाबंधन के अवसर पर शहर में संचालित सभी बसों में महिला यात्रियों के लिए निःशुल्क यात्रा की घोषणा की है।

### इंदौर भोपाल के बीच हेलीकॉप्टर सेवा

इंदौर भोपाल के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू कारण की तैयारी की जा रही है। इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मंगाए जाएंगे.

## घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर खाद्य विभाग का छापा

▶ 48 गैस सिलेंडर जप्त



नव भारत न्यूज

**इंदौर. खाद्य विभाग के शहर के विभिन्न क्षेत्रों में त्यौहार पर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को लेकर छापामार कार्रवाई की. इसके तहत खाद्य विभाग के दो अलग अलग दलों में कारवाई करते हर 48 गैस सिलेंडर जप्त किए. साथ ही विभाग ने अवैध भंडारण और रिफिलिंग करने की मशीन और साधन भी जप्त करने की कार्रवाई की है.**

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, अवैध भंडारण एवं रिफिलिंग के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में आज दो जांच दलों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई की गई और 48 गैस सिलेंडर एवं संबंधित उपकरण जप्त किए गए. जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि दल क्रमांक एक द्वारा अरविंदो हॉस्पिटल के पास स्थित दो प्रतिष्ठानों पर जांच की गई. जांच में संजरी लाइट हाउस गैस चूल्हा रिपेयरिंग सेंटर, संचालक मोहम्मद शादाब की दुकान में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग करते हुए पाया गया.

दुकान से 5 नग घरेलू गैस सिलेंडर, 19 नग 3 किलोग्राम के छोटे नॉन-स्टैण्डर्ड सिलेंडर, एक तौल कांटा, रिफिलिंग गैस रिफिल पाइप जप्त किए गए। इसके अलावा एक अन्य प्रतिष्ठान से 07 नग घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग में पाए जाने पर जब्त किए गए. इसी तरह दल क्रमांक 2 द्वारा एयरपोर्ट रोड, शिक्षक नगर एवं कालानी नगर क्षेत्र के तीन रेस्टोरेंट में छापे डाले गए। उक्त रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। खाद्य विभाग ने कारवाई के दौरान 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए.

## तीन साल में नवाचार से भ्रष्टाचार की राजधानी बना इंदौर : चौकसे



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम में पिछले तीन सालों में नवाचार से भ्रष्टाचार करने की शुरुआत हुई है. निगम में कई तरह के घोटाले हो चुके हैं और अधिकारी भ्रष्टाचार को शिष्टाचार में तब्दील कर चुके हैं. महापौर ने नवाचार से इंदौर को भ्रष्टाचार की राजधानी बनाने का काम किया है.**

यह बात नगर निगम नेता प्रतिपक्ष ने प्रेसवार्ता में कही. नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आज नगर निगम महापौर के तीन साल के कार्यकाल पर जश्न मनाने पर कई सवाल खड़े किए. चौकसे ने कहा कि नगर निगम में बिना पैसे दिए कोई काम नहीं होता है. डिजिटल भारत की तरह इंदौर को डिजिटल बनाने की बाग खाने वाले महापौर पुष्यमित्र भार्गव डिजिटलाइजेशन के घोटाले पर मौन रहते है. उसकी जांच के निर्देश नहीं देते है. शहर में चारों तरफ सड़कों पर गड्डे हो रहे हेयर जनता रोज यातायात जाम की त्रासदी झेल रही है. चारों तरफ अधूरी सड़कों से शहर खुदा पड़ा है. यही हाल ड्रेनेज का भी है. ड्रेनेज में 500 सौ करोड़ का घोटाला है पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. 10 करोड़ के फर्जी बिल का मामला भी दबा दिया गया, उसकी जांच आज तक नहीं करवाई गई है. नगर निगम के ठेकेदारों का 450 करोड़ रुपए बकाया है. 350 करोड़ रुपए सिक्योरिटी डिपाजिट का बाकी है. 120 करोड़ रुपए प्रतिमाह वेतन भत्ते के जाते हैं. 25 करोड़ रुपए नर्मदा पानी सप्लाय का बिल में जाता है. इस तरह विभिन्न खर्चों से सालाना 1800 करोड़ का निगम पर भार है.

### 800 करोड़ का घाटा हो रहा

चौकसे ने कहा कि महापौर जनता द्वारा ईमानदारी से टैक्स जमा करने को अपनी उपलब्धि बता रहे है कि 1000 करोड़ रुपए राजस्व से हुई है. यह 541 कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा विभिन्न करो को भरने से आय हुई है. निगम का सालाना खर्च ही 1800 करोड़ है तो आय एक हजार करोड़ है. 800 सौ करोड़ तो घाटा हो रहा है. इसके अलावा पोस्टर होर्डिंग की शहर में बाढ़ आए दिन आती है. शहर को पोस्टर होर्डिंग मुक्त करने की झूठी बात करने से नहीं चूकते हैं. सबसे अहम बात तो करोड़ों के ड्रेनेज घोटाले, ई नगर पालिका घोटाले की जांच नहीं करने और झूठी वाहवाही लूटने में महापौर और निगम परिषद लगी हुई है. राज्य सरकार से चुंगी क्षतिपूर्ति के 1 हजार करोड़ रुपए नगर निगम को लेना है वो नहीं ले पा रहे हैं. चौकसे ने कहा कि इंदौर को महापौर ने नवाचार करने के नाम पर भ्रष्टाचार की राजधानी बना दिया है.

## बच्चों की डाइट में पौष्टिकता विकल्प नहीं, आवश्यकता

▶ हेल्दी प्लेट कॉन्टेस्ट में माता-पिता ने दिखाया पाक-कला का हुनर



नवभारत न्यूज

इंदौर. दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ के किड्सज़ोन में हुए हेल्दी प्लेट कॉन्टेस्ट ने सेहत और स्वाद का अनूठा मेल पेश किया. रंग-बिरंगे, पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजनों से सजी थालियों ने न केवल आंखों को लुभाया, बल्कि सेहतमंद जीवनशैली अपनाने का प्रेरणादायक संदेश भी दिया. प्रतियोगिता में बच्चों के माता-पिता ने अपने घरों की रसोई से लेकर मंच तक रचनात्मकता और पाक-कला की बेहतरीन मिसाल पेश की. कुछ प्रतिभागियों ने पारंपरिक भारतीय व्यंजनों में पौष्टिक ट्विस्ट जोड़ा, तो कुछ ने अंतरराष्ट्रीय डिशेज को हेल्दी अंदाज में डालकर पेश किया.

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे मास्टर शेफ के रनर-अप और मशहूर मसाला नेशन रेस्तरां के संस्थापक गुरप्रीत सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई. निर्णायक मंडल ने व्यंजनों के स्वाद, प्रस्तुति और पौष्टिकता के आधार पर मूल्यांकन किया और प्रतिभागियों की मेहनत व सोच की सराहना की. प्राचार्या आशा नायर ने कहा आज के समय में बच्चों की डाइट में पौष्टिकता बनाए रखना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता बन गई है. अक्सर व्यस्त जीवनशैली के कारण हम फास्ट फूड या पैकेज्ड खाने पर निर्भर हो जाते हैं, जिससे बच्चों की सेहत पर नकारात्मक असर पड़ता है। इस तरह की प्रतियोगिताएं माता-पिता को नए और हेल्दी विकल्प खोजने के लिए प्रेरित करती हैं और यह दिखाती हैं कि पौष्टिक खाना भी स्वादिष्ट और आकर्षक हो सकता है. अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. विजेताओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए.

### सही खान-पान कम्यूनिटी का दायित्व

शेफ गुरप्रीत ने कहा यहाँ मैंने जितने डिशेस देखे और चखे, उनमें स्वाद, प्रस्तुति और पौष्टिकता का अद्भुत संतुलन था. सबसे खास बात यह रही कि हर डिश के पीछे एक सोच और एक कहानी थी, कोई अपनी परंपरा को सहेज रहा था तो कोई नए प्रयोगों के जरिए बच्चों को हेल्दी विकल्प दे रहा था. मुझे लगता है कि बच्चों में सही खान-पान की आदत डालना माता-पिता के साथ कम्युनिटी का दायित्व है.



## बच्चों को धैर्यपूर्वक, बिना तुलना बड़ा करें

▶ श्री माहेश्वरी स्कूल में मदर मीट

इंदौर. माहेश्वरी विद्यालय में मदर मिट का आयोजन हुआ. दीपिका माहेश्वरी द्वारा सकारात्मक अभिभावकत्व और बच्चों की मानसिकता विषय पर प्रभावशाली संवाद आयोजित किया गया. दीपिका ने कहा कि आप अपने बच्चों को धैर्यपूर्वक, बिना तुलना और आलोचना के बड़ा कीजिए.

सत्र के दौरान एक अभिभावक ने यह प्रश्न उठाया कि जब उन्होंने अपने बच्चे को मोबाइल नहीं दिया, तो रिश्तेदारों और अन्य लोगों से तंज



सहने पड़े- ऐसी स्थिति में क्या करें? दीपिका ने कहा कि आप धैर्यपूर्वक बच्चे को समझाएं कि समय आने पर तुम्हें मोबाइल दिलाया जाएगा. अभी तुम छोटे हो. मोबाइल तुम्हारी बुद्धि भ्रष्ट कर देगा. स्वागत प्राचार्य प्रतिभा कानूनगो एवं हेडमिस्ट्रेस वंदना ओझा ने किया. आभार संस्था अध्यक्ष देवेंद्र बाहेती ने माना.



## महाराजा अग्रसेन जयंती पर 18 गोत्रों पर आधारित रंगारंग तम्बोला भी होगा

**इंदौर. श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर की मेजबानी में इस बार अपने अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी.** मंच से जुड़े समाजबंधुओं की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वानुमति से निर्णय लिया गया है कि अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रम पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाए जाएंगे. इसके लिए रवीन्द्र नाट्य गृह में 15 सितम्बर को शाम 7 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे और महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित म्यूजिकल तम्बोला भी होगा, जिसमें शामिल समाजबंधुओं को दो लाख रु. से अधिक के पुरस्कार जीतने के अवसर भी प्राप्त होंगे.

मंच के अध्यक्ष सोनू अग्रवाल, संस्थापक अजय मित्तल एवं महामंत्री संजय तिरुपति ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं और परिवारों की बैठक परदेशीपुरा स्थित मित्तल धर्मशाला पर आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों ने सर्वानुमति से महाराजा अग्रसेन की जयंती पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया. स अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अश्विन गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, अरुण गोयल, शरद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल आदि ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए. महाराजा अग्रसेन के व्यक्तित्व एवं चरित्र का विवरण राकेश अग्रवाल, मुकेश बालाजी, अभय मित्तल, नीतेश बंसल, विष्णु अग्रवाल, विनय गुप्ता एवं विनोद गोयल ने दिया. बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने भी अपने सुझाव रखे. संचालन सोनू अग्रवाल ने किया और आभार माना अश्विन गोयल ने.

कार्यक्रम ▶ लोक नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुतियां हुई

## गज भर का घूंघट चुनरी जयपुर से मंगवाई...



नवभारत न्यूज

**इंदौर, काल्यो कूद पड़ा मेला में, गज भर का घूंघट चुनरी जयपुर से मंगवाई, रंगीलो म्हारो ढोलना जैसे लोकगीतों के बोलों पर बधाई, गोंधल, बिहू, भांगड़ा, गिद्दा, टिपणी, आदिवासी, केरल का रक्तेश्वरी थय्यम, कालबेलिया, राजस्थानी, मटकी लोक नृत्य करते विभिन्न स्कूलों के बच्चे आज अहिल्या उत्सव समिति द्वारा आयोजित लोक नृत्य प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियां दे रहे थे.**

वैष्णव स्कूल परिसर राजमोहल्ला पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जहां एक और केरल के रक्तेश्वरी थय्यम नृत्य की धूम रही तो मालवा का रजवाड़ी भी इसमें दिखाई दिया जहां क्रिश्चियन एमिनेंट की बच्चियों ने आंध्र प्रदेश के देवी नृत्य से सबका मन मोहा तो महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों ने राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया. वहीं महाराष्ट्रीयन गोंधल लोक नृत्य ने धमाल मचाया. वही लोक नृत्य में पंजाब का भांगड़ा एवं गिद्दा की धूम रही अवध में बाजे बधाइयां पर मध्य प्रदेश का बधाई नृत्य का हुनर मंच पर खूबसूरती से दिखा वही बिहू नृत्य मैं लड़कियों ने खूबसूरत जुड़ा बांधकर सिर पर कलंगिया लगा रखी थी और पांव में जूतियां पहन रखी थी. राजस्थानी नृत्य ने सबका मन मोहलिया. नितिन तापड़िया एवं राम मुंदडा ने बताया कि अतिथि के रूप वैष्णव सहायक ट्रस्ट के कैलाश मुंगड थे. आभार अहिल्या उत्सव की समिति की सचिव शरयू वाघमारे ने माना. इस अवसर पर पूर्व लोकसभा स्पीकर एवं सांसद सुमित्रा महाजन सहित लता बडवे, मानसी बेहरे ,वैशाली ऊर्ध्वरेघे, मेघा जोशी लीना धर्माधिकारी भी मौजूद थी.

### इन स्कूलों को मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता प्रमुख संजय जोशी प्रशांत बडवे एवं संयोजक अपर्णा भावे, यशवंत धामीरे, विशाल क्षीर सागर एवं नवनीत हर्डिया ने बताया कि आज लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कुल 36 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया. निर्णायक संप्रति बारगल एवं फाल्गुनी जोशी थी। प्रथम पुरस्कार लोकमान्य विद्या निकेतन द्वितीय बाल निकेतन संघ तृतीय माधव विद्यापीठ ने प्राप्त किया. वही प्रोत्साहन पुरस्कार किड्स कॉलेज, गरिमा विद्या विहार, माहेश्वरी हायर सेकेंडरी स्कूल, मारवाड़ी स्कूल वैष्णव हायर सेकेंडरी स्कूल, तीरथ बाई कलाचंद एवं सेंट जोसेफ को मिला.